## प्रेस संक्षिप्त

## भारतीय तटरक्षक के कर्मियों द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस पर अनुकरणीय सेवा के सम्मान में राष्ट्रपति पदक

नई दिल्ली, 25 जनवरी 2025:

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर, भारत के राष्ट्रपति ने भारतीय तटरक्षक आईसीजी के उत्कृष्ट कर्मियों के लिए निम्नलिखित विशिष्ट पदकों को मंजूरी दी है। ये पदक राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा में उनके असाधारण शौर्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट/प्रशंसनीय सेवा को मान्यता देते हैं। भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी अटूट प्रतिबद्धता और असाधारण सेवा वास्तव में अनुकरणीय रही है।

पदक प्राप्तकर्ताओं के नाम इस प्रकार हैं:

(क) **अति विशिष्ट सेवा पदक (विशिष्ट सेवा)**

- (i) महानिदेशक परमेश शिवमणि, रा.त.प., त.प.

(ख) **राष्ट्रपति तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा)**

- (i) अपर महानिदेशक अनिल कुमार हर्बोला, त.प.
- (ii) महानिरीक्षक होमेश कुमार शर्मा, त.प.

(ग) **तटरक्षक पदक (वीरता)**

- (i) समादेशक अंशुमन रतुड़ी
- (ii) सहायक समोदशक मनीष सिंह
- (iii) समीर रंजन, उत्तम नाविक (आर)

(घ) **तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा)**

- (i) महानिरीक्षक ज्योतींद्र सिंह
- (ii) महानिरीक्षक अतुल जोशी
- (iii) संमुघम शंकर, प्रधान अधिकारी (पी)

इन विशिष्ट व्यक्तियों ने अपने दायित्वों को निर्वाह करने में अनुकरणीय साहस, कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया है। समुद्री सीमाओं की रक्षा करने, समुद्र में आपात स्थितियों से निपटने और राष्ट्र के समुद्री सुरक्षा ढांचे को बनाए रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान राष्ट्र की सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उत्कृष्टता की निरंतर खोज, व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों को दर्शाती है और आईसीजी की भावना का प्रतीक है।

देश 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है, ऐसे में ये पदक आईसीजी कर्मियों के साहस, निस्वार्थता और समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके अथक प्रयासों से सभी नाविकों के लिए एक सुरक्षित समुद्री वातावरण सुनिश्चित होता है और भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के मूल मूल्यों को कायम रख जाता है।

आईसीजी की ओर से, हम सभी पदक विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हैं और राष्ट्र के प्रति उनकी निरंतर सेवा के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।